।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 5265 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, मई 31 /2025

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
थराली।

विषयः— **जनपद चमोली के अन्तर्गत फारकोट से डुडवागाड़ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.61है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित स्थल झिझोली सिविल भूमि खसरा सं0 686 मध्ये 5.22है0 भूमि चयनित की गयी है जिसका DSS Analysis रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया है प्रभाग द्वारा DSS analysis करने पर DSS Analysis रिपोर्ट में उक्त सिविल भूमि का कुछ हिस्सा MDF(मध्यम सघन वन) दिखाई दे रही है।

अतः संयुक्त निरीक्षण की तिथि दिनांक 03.06.2025 नियत की जाती है, आपसे अपेक्षा की जाती है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु स्थल झिझोली सिविल भूमि सम्बन्धित समस्त अभिलेख डिजिटल मैप एवं खसरा खतौनी के साथ उपस्थित रहने हेतु अपने सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को नामित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः— 5265 /12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः—वन क्षेत्राधिकारी पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड़ को उपरोक्तानुसार इस आशय से प्रेषित कि आप उपरोक्त नियत तिथि को सम्बन्धित प्रयोक्ता एजेन्सी के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु स्थल झिझोली सिविल भूमि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्तता के सम्बन्ध में उपयुक्तता प्रमाण इस कार्यालय को उपलब्ध कराये।

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

O/C